आज का मौसम
अधिकतम 34° C
न्यूनतम 29° C
सूर्य अस्त (आज) 7:23
सूर्य उदय (कल) 5:27

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 284 मूल्य : 2 रु पृष्ठ : 8
वीरवार
2 जुलाई 2026
RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

**अनमोल वचन**

"मन और इंद्रियों का सांसारिक विषयों से पोषण अंत में पछतावे का कारण बनता है।"

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए युवाओं से उत्कृष्टता का आह्वान किया




नई दिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ती के लिए युवाओं से समर्पण, ईमानदारी और मजबूत नैतिक मूल्यों के साथ उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया है। वे बुधवार को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और प्रतिबद्धता समावेशी और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलती तकनीक के दौर में सीखने की प्रक्रिया जीवन भर जारी रहनी चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने 1268 छात्रों को डिग्री प्रदान की और 56 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।

## संक्षिप्त न्यूज

### एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने भारतीय वायु सेना के उप वायु सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया



नई दिल्ली। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार को भारतीय वायु सेना के उप वायु सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण कर लिया है। वे एयर मार्शल नागेश कपूर के स्थान पर नियुक्त हुए हैं, जो चार दशकों से अधिक की सेवा के बाद कल सेवानिवृत्त हो गए। लगभग 40 वर्षों के अपने करियर में एयर मार्शल दीक्षित ने कई महत्वपूर्ण अभियानों और अभ्यासों में भाग लिया है। इनमें अहपरेशन सफेद सागर, अहपरेशन रक्षक, कोप इंडिया और अहपरेशन सिंदूर शामिल हैं। उनकी विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें वायु सेना मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है।

### रंगमंच की प्रसिद्ध हस्ती विजया मेहता का 92 वर्ष की आयु में निधन



नई दिल्ली । फिल्म और रंगमंच की लोकप्रिय हस्ती विजया मेहता का 92 वर्ष की आयु में कल रात मुम्बई में उनके आवास पर निधन हो गया। वे प्रयोगधर्मी मराठी रंगमंच की अग्रणी प्रतिभाओं में एक थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजया मेहता के निधन पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने आधुनिक मराठी रंगमंच की इस दिग्गज कलाकार को उनकी रचनात्मकता और कला के प्रति उनके समर्पण के लिए याद किया। विजया मेहता को संस्कृति और सिनेमा की एक बड़ी हस्ती बताते हुए प्रधानमंत्री ने अभिनेताओं, निर्देशकों और रंगमंच प्रेमियों की कई पीढ़ियों को प्रेरित करने में उनके योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं उनके परिवार, प्रशंसकों और पूरे कला जगत के साथ हैं।

## थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने सेना के आधुनिकीकरण में तेजी लाने पर जोर दिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने कहा है कि बदलते सुरक्षा माहौल से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सेना के आधुनिकीकरण को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। 31वें थल सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करने के बाद जनरल सेठ ने मीडिया को बताया कि भारतीय सेना का लक्ष्य ऐसी आधुनिक और तकनीक से सशक्त सेना तैयार करना है, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह सक्षम हो। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना सीमाओं और उभरते खतरों पर लगातार कड़ी नजर रख रही है और किसी भी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। जनरल सेठ ने कहा कि उनका विशेष ध्यान सैन्य रणनीति और नई तकनीकों के बेहतर इस्तेमाल पर रहेगा। उन्होंने कहा कि नवाचार को सेना की कार्यशैली, सोच और क्षमता विकास का अहम हिस्सा बनाया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया



अरुणाचल प्रदेश(ब्यूरों)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश दौरे के दूसरे दिन, राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दल ने पहले पूर्वी सियांग जिले के पासीघाट का सर्वेक्षण किया, जो सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है, और फिर बोइंग गांव जाकर जमीनी स्तर पर हुए नुकसान का जायजा लिया। अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से गांव के 20 से अधिक मकान जलमग्न हो गए हैं और धान के खेतों, खड़ी फसलों और पशुधन को व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिससे कई परिवार तबाही से जूझ रहे हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विस्थापित ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से व्यापक वित्तीय और संरचनात्मक सहायता का वादा किया। उन्होंने बोइंग गांव के समुदाय के धैर्य की भी प्रशंसा की और स्थानीय स्वयंसेवकों के प्रति गहरी सराहना व्यक्त की, जिन्होंने बाढ़ के बढ़ते जलस्तर को रोकने के लिए अस्थायी दीवार का निर्माण किया। क्षेत्र में बाढ़ संकट का आकलन करने के लिए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल निचले सुबनसिरी जिले के याजाली के लिए रवाना हुआ। राज्य में बाढ़ से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं। लगभग सभी 28 जिलों में 90 हजार 499 लोग प्रभावित हुए हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने ईएसआईसी की 198वीं बैठक की अध्यक्षता की




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 198वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निगम की स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करने और संगठनात्मक दक्षता और सेवा में सुधार के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय को मंजूरी दी गई। बीमित व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना, अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना आज से अगले वर्ष 30 जुलाई तक बढ़ा दी गयी है।इसके साथ ही नए ईएसआई अस्पतालों का प्रबंधन अब सीधे निगम द्वारा किया जाएगा जिससे उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। निगम और आयुष मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के भीतर आयुष सेवाओं के एकीकरण और संवर्धन के लिए एक संयुक्त ढांचा तैयार किया जा सके। बैठक के दौरान नई दिल्ली के बसैदारापुर में एक दंत चिकित्सालय के निर्माण और उत्तराखंड के हरिद्वार में एक नए ईएसआईसी मेडिकल कहलेज की स्थापना की मंजूरी दी गई।

## यूपी सरकार ने अयोध्या राम मंदिर दान अनियमितता जांच के लिए एसआईटी को 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया




उत्तर प्रदेश(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े दान में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही विशेष जांच टीम दृ एस.आई.टी. को 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसका उद्देश्य मामले के सभी पहलुओं की व्यापक जांच करना है।राज्य सरकार ने 15 जून को तीन सदस्यीय एस.आई.टी. का गठन किया था। टीम को पहले सात दिनों में प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिनों में अंतिम रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। एस.आई.टी. ने 23 जून को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद को सौंप दी थी। इसके बाद पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार भी किया था। एस.आई.टी. को अब अंतिम रिपोर्ट 15 जुलाई तक सौंपनी होगी।

## पीएम मोदी ने ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत वेनेजुएला में राहत कार्यों में जुटे भारतीय चिकित्सा दल की सराहना की



वेनेजुएला (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन अमिस्ताद के अंतर्गत वेनेजुएला में राहत कार्यों में जुटे भारतीय डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों की सराहना की है। सोशल मीडिया संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि कठिन समय में जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए उनका समर्पण प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि हर संकट की घड़ी में चिकित्सा कर्मी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाते हैं। वेनेजुएला में आए भीषण भूकंप के बाद भारत ने राहत और बचाव के लिए ऑपरेशन अमिस्ताद शुरू किया था। इस भूकंप से बड़ी संख्या में जान माल का नुकसान हुआ। इस अभियान के अंतर्गत भारत वेनेजुएला के लोगों की सहायता के लिए मानवीय राहत और सहायता प्रदान कर रहा है।

## तंजानिया के राष्ट्रपति ने जांजीबार के विकास में भारत की भूमिका की सराहना की



तंजानिया(एजेंसी)। तंजानिया के राष्ट्रपति हुसैन अली म्विन्यी ने कल तंजानिया में भारतीय उच्चायुक्त विश्वदीप डे के साथ भेंट में जांजीबार के विकास में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। राष्ट्रपति म्विन्यी ने जांजीबार में स्टेट हाउस में उच्चायुक्त विश्वदीप डे का स्वागत किया। उन्होंने विशेषकर निवेश, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी नवाचार में भारत की अहम भूमिका की सराहना की।भारतीय उच्चायुक्त ने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन की ओर से राष्ट्रपति म्विन्यी को जुलाई में भारत आने का निमंत्रण दिया। उच्चायुक्त ने शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए जांजीबार से आईसीसीआर छात्रवृत्ति पाने वालों के ओरिएंटेशन सेशन में भी हिस्सा लिया।

# अमरनाथ यात्रा से पहले जम्मू–श्रीनगर एनएच–44 पर यातायात के लिए नया परामर्श जारी

जम्मू-कश्मीर(ब्यूरों)। जम्मू-कश्मीर यातायात पुलिस ने श्रीअमरनाथ जी यात्रा से पहले जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग –44 पर वाहनों की आवाजाही विनियमित करने के लिए नया परामर्श जारी किया है। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कल जम्मू से रवाना होगा। परामर्श के अनुसार भारी मोटर वाहनों को शाम सात बजे के बाद काजीगुंड से जम्मू की ओर और जखेनी (उधमपुर) से श्रीनगर की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। हल्के मोटर वाहनों को रात 11 बजे तक आवाजाही की अनुमति रहेगी। 2 जुलाई को पहले जत्थे के जखैनी पार कर लेने के बाद नगरोटा से उधमपुर की ओर हल्के वाहनों, निजी वाहनों और यात्री वाहनों को जाने की अनुमति होगी। इसी तरह, बालतल से जत्था के मारोग पार करने के बाद काजीगुंड से जम्मू की ओर हल्के वाहनों और यात्री वाहनों के आने की अनुमति रहेगी। यात्रियों को ताजा जानकारी के लिए प्रतिदिन यातायात परामर्श से अवगत रहने को कहा गया है।



# जल संरक्षण की दिशा में हरियाणा का बड़ा कदम!




जीत समाचार हरियाणा। माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अंबाला के नारायणगढ़ से अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर के **325** अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया। इन सरोवरों के जीर्णोद्धार पर लगभग **223** करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं।जिला रोहतक के लिए भी यह गौरव का अवसर रहा। स्थानीय स्तर पर उपायुक्त श्री सचिन गुप्ता ने जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में मेयर श्री रामअवतार वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, जिला परिषद चेयरपर्सन श्रीमती मंजू हुड्डा, भाजपा प्रदेश सचिव श्रीमती रेनू डाबला, श्री दीपक निवास हुड्डा, पूर्व मेयर श्री मनमोहन गोयल तथा सांपला मार्केट कमेटी चेयरमैन श्री उदयभान मलिक की उपस्थिति में जिले के **6** पुनर्जीवित अमृत सरोवरों का विधिवत उद्घाटन किया। महम खंड के भराण जिंदराण, फरमाणा खास, किशनगढ़, मोखरा खास, निंदाना खास तथा सीसर खास के जीर्णोद्धार पर **4.38** करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसके अतिरिक्त जिले में **18** अन्य तालाबों के पुनर्जीवन का कार्य प्रगति पर है।अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत गंदे पानी की निकासी, गाद हटाना, तालाबों के किनारों का सुदृढ़ीकरण, पौधारोपण, बेंच स्थापना सहित सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही, पुनर्जीवित सरोवरों का नामकरण शहीदों के सम्मान में किया जा रहा है।कार्यक्रम में नगराधीश श्री शुभम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी श्री राजपाल चहल, ब्लॉक समिति चेयरमैन श्री नवनीत राठी, श्री नीरज, श्री टीनू, पंचायतीराज विभाग के कार्यकारी अभियंता श्री नवीन कुमार तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# हरियाणाः मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से की शिष्टाचार भेंट



जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा लोक भवन में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। इस उच्च स्तरीय मुलाकात के दौरान प्रदेश के प्रशासनिक और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा**

मुलाकात के दौरान राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक और अधिकतम पात्र लाभार्थियों तक बिना किसी देरी के पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

**शासन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा**

मुख्य सचिव ने राज्यपाल को प्रदेश से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों और विकास परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। बैठक में राज्य की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं जन-केंद्रित बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

राज्यपाल ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों में तेजी लाएं ताकि राज्य का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो सके।

# कुरुक्षेत्रः बाल भवन में आयोजित समर कैंप का भव्य समापन, बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

जीत समाचार हरियाणा/कुरुक्षेत्र ।हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशों और जिला उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण परिषद, कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में पिछले एक महीने से चल रहे समर कैंप का आज भव्य समापन हो गया। **1** जून से **30** जून तक आयोजित इस कैंप ने जिले के नन्हे-मुन्नों के लिए सीखने और मनोरंजन का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया।

**बच्चों के कौशल विकास पर रहा जोरः** यह समर कैंप कुरुक्षेत्र के बाल भवन, मिनी बाल भवन-लाडवा और पेहवा में एक साथ आयोजित किया गया था। इस एक महीने के दौरान बच्चों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों, खेलकूद और कलात्मक कार्यशालाओं में शामिल किया गया। कैंप के सफल समापन पर आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को किताबी दुनिया से बाहर निकालकर उनकी रचनात्मकता को पंख देना था। शिविर के माध्यम से बच्चों के छिपे हुए कौशल को निखारा गया और उन्हें अपने ग्रीष्मावकाश का सार्थक उपयोग करना सिखाया गया।

**प्रतिभा को मिला मंचः** समापन समारोह में बच्चों ने कैंप के दौरान सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अधिकारियों का मन मोह लिया। जिला बाल कल्याण परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक हैं।

इस कैंप ने न केवल बच्चों को नई चीजें सीखने का अवसर दिया, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभा को एक नया मंच भी प्रदान किया, जिससे वे भविष्य में और अधिक बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा : जिला प्रशासन ने कसी कमर, नकल रहित परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम




जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकल रहित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान**

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए हर केंद्र पर सख्त निगरानी रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर बायोमैट्रिक सत्यापन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति, जनरेटर बैकअप, सुरक्षा और सुचारू यातायात प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की गई है।

**परीक्षा कार्यक्रम पर एक नजर**

जिले में कुल **27** स्थानों पर **54** परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा का विस्तृत विवरण इस प्रकार है।

- **4** जुलाईः लेवल-**3**(पीजीटी)। दोपहर **3:00** बजे से शाम **5:30** बजे तक
- **5** जुलाईः लेवल-**2** (पीजीटी)। सुबह **10:00** बजे से दोपहर **12:30** बजे तक
- **5** जुलाईः लेवल-**1** (पीआरटी)। दोपहर **3:00** बजे से शाम **5:30** बजे तक

**आपातकालीन सहायता**

जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यदि किसी अभ्यर्थी को आपात स्थिति में परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी होती है, तो वे तुरंत डायल-**112** पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# नारायणगढ़: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात, संवेदनाएं प्रकट कीं

जीत समाचार हरियाणा/नारायणगढ़ (ब्यूरों)। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अपने नारायणगढ़ दौरे के दौरान व्यक्तिगत रूप से विभिन्न परिवारों के घर पहुंचकर दिवंगत परिजनों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी और उन्हें ढांढस बंधाया।

**पत्रकार के निवास पर पहुंचे मुख्यमंत्रीः** अपने दौरे के क्रम में, मुख्यमंत्री श्री सैनी दैनिक ट्रिब्यून की पत्रकार सरिता धीमान के निवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने पत्रकार की सास एवं मुख्य अध्यापक सुरेंद्र धीमान की माता स्वर्गीय शकुंतला रानी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

**दिवंगत आत्मा को दी श्रद्धांजलिः** मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय शकुंतला रानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और परिजनों को इस अपार दुरूख को सहन करने की शक्ति दें।

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### युवाओं की गिरती सेहतः नशे की जकड़ में भविष्य

आज हमारा समाज एक अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। देश का जो युवा वर्ग, जिसे कल का भविष्य और राष्ट्र की रीढ़ माना जाता है, वह धीरे-धीरे नशे के घातक गिरफ्त में फंसता जा रहा है। नशा अब केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि एक ऐसी महामारी बन चुका है जो धीरे-धीरे हमारी युवा पीढ़ी की जड़ों को खोखला कर रही है।

**नशे की दलदलः क्यों फंस रहे हैं युवा?**

नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा या 'ट्रायल' के तौर पर होती है, लेकिन इसके पीछे के कारण बहुत गहरे और मनोवैज्ञानिक हैं। आज के युवाओं के लिए नशा महज एक शौक नहीं, बल्कि एक 'एस्केप रूट' (बचने का रास्ता) बन गया है। इसके पीछे के मुख्य कारक निम्नलिखित हैं।

मानसिक तनाव और प्रतिस्पर्धा :आज की चकाचौंध भरी दुनिया में करियर, पढ़ाई और बेहतर प्रदर्शन का अत्यधिक दबाव है। इस तनाव को झेलने की अक्षमता युवाओं को नशे की ओर धकेलती है।

**पारिवारिक बिखरावः** एकल परिवारों के बढ़ते चलन और माता-पिता के बीच संवाद की कमी ने युवाओं को भावनात्मक रूप से अकेला कर दिया है। जब युवा घर में अपनापन नहीं पाते, तो वे बाहर नशे में सुकून तलाशते हैं।

**राहत नहीं, विनाश का मार्गः** युवा अक्सर यह मान बैठते हैं कि नशा उनके डिप्रेशन, असफलता या अकेलेपन का इलाज है। यह एक घातक भ्रम है। नशा किसी समस्या को सुलझाता नहीं है, बल्कि व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति को नष्ट कर देता है। यह धीरे-धीरे एक गंभीर लत बन जाती है, जहाँ से वापसी का रास्ता बहुत कठिन और पीड़ादायक होता है।

**समाधान की दिशा में कदमः** इस समस्या से निपटने के लिए किसी एक व्यक्ति या संस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

**संवाद की संस्कृतिः** अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ 'दोस्त' की तरह व्यवहार करना चाहिए। बच्चों के मन में चल रही उथल-पुथल को बिना किसी निर्णय के सुनना और समझना बेहद जरूरी है।

**शिक्षा और जागरूकताः** स्कूलों और कहलेजों में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि श्मानसिक स्वास्थ्य़श और 'नशे के दुष्परिणामों' पर खुली चर्चा होनी चाहिए।

**सख्त कानूनी और सामाजिक निगरानीः** नशे की तस्करी पर लगाम लगाने के साथ-साथ, सामाजिक स्तर पर नशे के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी।

**निष्कर्षः** नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि सपनों और हौसलों को भी मार देता है। एक देश तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक उसका युवा वर्ग स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत न हो। समय आ गया है कि हम नशे की इस चकाचौंध के पीछे छिपे अंधेरे को पहचानें। युवाओं को दोष देने के बजाय, हमें एक ऐसा सुरक्षित और समझदार माहौल बनाना होगा जहाँ उन्हें नशे की नहीं, बल्कि सहयोग और प्रेम की आवश्यकता हो।

याद रखें, एक स्वस्थ युवा ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है।

-कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 2 जुलाई 2026, बुधवार

## आज का पंचांग

तिथि : प्रतिपदा 07:40 नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा 06:52
करण : कौलव, 07:40 तैतिल : 08:42
पक्ष : कृष्ण योग :एन्द्र 04:03
सूर्योदय : 05:26 सूर्यास्त : 07:23
चन्द्रमा : धनु राशि
राहुकाल : 12:24 — 02:09
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत : आषाढ
शुभ मुहूर्त : अभीजित

## आज का राशिफल

### मेष राशि
आपकी कामयाबी में वृद्धि होगी। कुछ नए संपर्क स्थापित होंगे और आप कुछ प्रभावषाली लोगों से भी मिलेंगे।

### वृषभ राशि
वित्तीय स्थिति में सुधार होगा लेकिन सावधानी से सोचने के बाद ही नई संपत्ति में निवेश करें। सतर्क रहें, हर किसी की बातों में आना बंद करें। अपनों के द्वारा धोखा मिलने से मन दुखी होगा

### मिथुन राशि
आज आप असीम दौलत के मालिक बन सकते हैं। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। परिवार के कार्यों में व्यय वृद्धि होगी। आज आपको कई वित्तीय फायदे हो सकते है

### कर्क राशि
किसी भी प्रकार के व्यापारिक निर्णय जिसमें आर्थिक जोखिम शामिल हो, उसके लिए समय उपयुक्त नहीं है। आप की मेहनत और सही मार्गदर्शन मिलने से सफल होंगे।

### सिंह राशि
आर्थिक मामलों में समय लगातार प्रतिकूल बना हुआ है, अतरू अत्यधिक सावधानी बरतें। किसी के बहकावे में न आएं। लंबित कार्य पूरे होंगे। स्वर्ण आभूषणों की प्राप्ति संभव है।

### कन्या राशि
आपकी वित्तीय स्थिति में भी सुधार होगा और ऋण पर दिए गए पैसे भी आप जल्द ही वसूल कर पाएंगे। सही समय पर सही निर्णय लेना आप के हित में रहेगा।

### तुला राशि
आप लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। कारोबार विस्तार के लिए बैंक से कर्ज लेना पड़ सकता है। आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। गुम हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है।

### वृश्चिक राशि
आपके काम सफल होंगे। किन्तु आपको थोड़ी सी सावधानी बरतनी होगी। माता-पिता द्वारा आप के किए कार्यों की अवहेलना होगी। कोर्ट व कचहरी में प्रतिकूलता मिलेगी।

### धनु राशि
आज का दिन शुभ है। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की मिलेगी। कुछ के वांछित स्थानांतरण भी हो सकता है। व्यवसायिक लाभ बढ़ेगा।

### मकर राशि
वित्तीय व्यवहार और निवेश के साथ अधिक सतर्क और सावधान रहें क्योंकि दिन ज्यादा अनुकूल नहीं है, कमाई घट सकती है और धन अवरुद्ध हो सकता है

### कुम्भ राशि
आर्थिक रूप से आप ठीक रहेंगे। आप के इष्टबल को मजबूत करें। मेहनत करें दूसरों पर विश्वास न करें। शत्रु बुरी तरह परास्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी

### मीन राशि
प्रेम संबंधों में लिप्त जातक अपने साथी की भावनाओं को पूर्ण रूप से महसूस कर पाएंगे। नौकरी चाहने वालों को सफल होने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ सकते हैं।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# मुकेरियां में कांग्रेस को बड़ा झटकाः कई दिग्गज नेता 'आप' में शामिल, सीएम मान ने किया स्वागत

जीत समाचार मुकेरियां(ब्यूरों)। पंजाब में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में मुकेरियां इलाके में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा, जब वहां के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने हाथ का साथ छोड़कर 'झाड़ू' थाम ली। मुख्यमंत्री भगवंत मान की जनहितैषी और ईमानदार नीतियों से प्रभावित होकर इन नेताओं ने आम आदमी पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया।



### इन नेताओं ने थामा 'आप' का दामन

पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में सरपंच अनिल ठाकुर, बेअंत सिंह रंधावा, पूनम रट्टू, सरपंच तजिंदर पाल सिंह, राजेश रट्टू, सरपंच लखवीर सिंह, शेर सिंह शेर और सरबजोत सिंह साबी शामिल हैं। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में अपनी आस्था जताते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

### मुख्यमंत्री ने किया गर्मजोशी से स्वागत

पार्टी में शामिल हुए इन सभी नेताओं का मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियों और पंजाब को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के संकल्प से प्रभावित होकर लोग स्वयं पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इन अनुभवी नेताओं के आने से मुकेरियां इलाके में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

### सियासी गलियारों में चर्चा

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि इन नेताओं के पार्टी छोड़ने से मुकेरियां क्षेत्र में कांग्रेस की पकड़ कमजोर हुई है। यह घटनाक्रम आगामी समय में इलाके के राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। पार्टी में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि वे मुख्यमंत्री मान के मार्गदर्शन में क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

# अमृतसर ईस्ट विधानसभा क्षेत्र की माताएं और बहनें 'मां-बेटी सत्कार योजना' के लॉन्च को लेकर बहुत उत्साहित हैंः एमएलए जीवनजोत कौर




जीत समाचार अमृतसर। मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने आज महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सम्मान के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'मां-बेटी सत्कार योजना' को औपचारिक रूप से लॉन्च किया है। धुरी में हुए राज्य स्तरीय समारोह के दौरान, मुख्यमंत्री ने एक बटन दबाकर पंजाब की लाखों बहनों के खातों में योजना की राशि ट्रांसफर की। इस ऐतिहासिक फैसले को लेकर अमृतसर ईस्ट विधानसभा क्षेत्र की माताओं और बहनों में बहुत उत्साह और खुशी देखी गई। इस बारे में जानकारी देते हुए अमृतसर ईस्ट हलके की डस। जीवनजोत कौर ने कहा कि वैसे तो वह खुद मुख्यमंत्री के साथ धुरी में हुए मुख्य कार्यक्रम में मौजूद थीं, लेकिन उनके अपने हलके अमृतसर ईस्ट में हुए खास कार्यक्रम में इलाके की माताएं और बहनें बड़ी संख्या में इस योजना का स्वागत करने और जश्न मनाने पहुंचीं। मीडिया से बात करते हुए हलके की बहनें भावुक हो गईं और उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी सरकार का धन्यवाद किया। बहनों ने कहा कि मान सरकार ने बेटियों का सिर ऊंचा किया है और यह सरकार हमारे बेटे-बेटियों की तरह हर सुख-दुख में हमारे साथ खड़ी है। बहनों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान इस योजना की बड़ी सफलता का सबूत है। डस। जीवनजोत कौर ने सिर झुकाकर हलके की सभी बहनों को कार्यक्रम में पहुंचने के लिए धन्यवाद और बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने एक जरूरी जानकारी शेयर करते हुए कहा, आज प्रोग्राम के दौरान कई बहनों के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं, लेकिन जिन बहनों के अकाउंट में अभी तक पैसे नहीं आए हैं, उन्हें बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। बैंकिंग और टेक्निकल प्रोसेस की वजह से थोड़ा समय लग रहा है, बहुत जल्द सभी योग्य बहनों के अकाउंट में भी पैसे आ जाएंगे। एमएलए ने दोहराया कि आम आदमी पार्टी सरकार पंजाब के हर वर्ग, खासकर हमारी माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक आजादी के लिए पूरी तरह से कमिटेड है और चुनाव क्षेत्र के विकास और लोगों की भलाई के लिए दिन-रात काम करती रहेगी।

# श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार की अनोखी पहल।




जीत समाचार मानसा(ब्यूरों)। पंजाब सरकार के निर्देशों के तहत, श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को श्रद्धा के साथ मनाने और उनके जीवन दर्शन और शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए मानसा जिले के गांवों में जल्द ही एक स्पेशल डॉक्यूमेंट्री कैंपेन शुरू किया जा रहा है। यह जानकारी डिप्टी कमिश्नर नवजोत कौर ने आज जिला एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स में अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ इस कैंपेन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए एक रिव्यू मीटिंग करते हुए दी। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि 12 फीट स्र 8 फीट की बड़ी स्क्र स्क्रीन वाली एक वैन मानसा जिले के सभी गांवों को कवर करेगी और इस वैन के जरिए हर शाम दो गांवों में यह डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी ताकि श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाएं हर घर तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री 30 मिनट की होगी। मीटिंग के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने सभी सब डिविजनल मजिस्ट्रेट को सब डिविजन लेवल पर इसकी मॉनिटरिंग पक्का करने और एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) को डिस्ट्रिक्ट लेवल पर इसकी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को पूरी सुरक्षा व्यवस्था पक्का करने, डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट एंड पंचायत ऑफिसर को गांवों में सही जगहों का चुनाव, लोगों के बैठने का इंतजाम और पीने का साफ पानी, सफाई, लाइटिंग का इंतजाम वगैरह पक्का करने का निर्देश दिया। मीटिंग के दौरान एडिशनल डिप्टी कमिश्नर पूनम सिंह, सब डिविजनल मजिस्ट्रेट सरदूलगढ़ हरजिंदर सिंह जस्सल, सब डिविजनल मजिस्ट्रेट बुढलाडा गुरमीत कुमार, एसपी मनमहोन सिंह औलाख, डीएसपी हरजिंदर सिंह, डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट एंड पंचायत अहफिसर कविता गर्ग, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर नीलम रानी और दूसरे डिपार्टमेंट के अधिकारी मौजूद थे।



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# लुधियाना को बड़ी सौगात : चांदनी मोहल्ला में 1.30 करोड़ की लागत से बनेगा मॉडर्न 'सनातन भवन'



जीत समाचार लुधियाना। लुधियाना नॉर्थ विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए बुधवार का दिन खुशियों भरा रहा। क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए, पंजाब सरकार ने चांदनी मोहल्ला में लगभग 1.30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एक आधुनिक 'सनातन भवन' का शिलान्यास किया। इस प्रोजेक्ट का भूमि पूजन पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा, कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां, आप पंजाब के इंचार्ज मनीष सिसोदिया और स्थानीय विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा द्वारा किया गया।

**धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र होगा भवन**

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि यह भवन करीब 6600 वर्ग फीट के क्षेत्र में बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक इमारत होगी, बल्कि धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार राज्य के हर वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास कार्य कर रही है।

**सरकार विकास के लिए प्रतिबद्धः मनीष सिसोदिया**

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के पंजाब इंचार्ज मनीष सिसोदिया ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब में शुरू होने वाली 'मां-बेटी सम्मान स्कीम' का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार जो वादा करती है, उसे पूरा भी करती है। इस स्कीम के तहत महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी**

विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन इलाके के लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लुधियाना नॉर्थ में सड़कों, सीवरेज, पार्कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के काम तेजी से जारी हैं और पूरे क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित संत समाज और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने इस आधुनिक सनातन भवन के निर्माण के लिए पंजाब सरकार का धन्यवाद किया और इसे क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण धरोहर बताया।




# पटियाला में अकाली दल को बड़ा झटकाः पूर्व विधायक वनिंदर कौर लूंबा और वरिष्ठ नेता करण सिंह 'आप' में शामिल



जीत समाचार पटियाला। पंजाब की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। पटियाला क्षेत्र में शिरोमणि अकाली दल (बादल) को उस समय गहरा झटका लगा, जब पूर्व विधायक बीबी वनिंदर कौर लूंबा और पार्टी के वरिष्ठ नेता करण सिंह (डीटीओ) ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अकाली दल का दामन छोड़ दिया। ये सभी नेता अब आम आदमी पार्टी का हिस्सा बन गए हैं।

**सीएम मान की कार्यशैली से प्रभावित होकर लिया फेसला**

पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की ईमानदार कार्यशैली और प्रदेश के विकास के लिए अपनाई गई 'काम की राजनीति' को अपने इस बड़े फैसले का मुख्य कारण बताया है। उन्होंने कहा कि सीएम मान जिस तरह से बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं, उससे प्रभावित होकर ही उन्होंने आम आदमी पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया।

**मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित**

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी कार्यालय में इन दिग्गज नेताओं और उनके समर्थकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सीएम ने उन्हें पार्टी का सम्मान चिह्न भेंट कर विधिवत रूप से आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने अनुभवी नेताओं के आने से पटियाला क्षेत्र में पार्टी की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी।

**राजनीतिक समीकरणों में बदलाव**

इस बड़े घटनाक्रम को आगामी राजनीतिक दौर के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बीबी वनिंदर कौर लूंबा और करण सिंह डीटीओ का एक बड़े जनाधार के साथ 'आप'में शामिल होना अकाली दल के लिए एक बड़ा नुकसान माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस फेरबदल से पटियाला में आम आदमी पार्टी की स्थिति पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ हो गई है।


# सीखने की कोई उम्र नहीं:

## 75 वर्ष की आयु में डॉ. मिलखी राम ने दी ज्योतिष की परीक्षा, अब तक हासिल कर चुके हैं 32 डिग्रियां

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों)। 'सीखने की कोई उम्र नहीं होती', इस कहावत को कांगड़ा जिले के गंदड़ गांव के 75 वर्षीय डॉ. मिलखी राम ने फिर से सच साबित कर दिखाया है। उम्र के इस पड़ाव पर भी शिक्षा के प्रति उनका जुनून युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

**ज्योतिष शास्त्र में डिग्री के लिए दिया पेपर**

मंगलवार को हमीरपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में एक विशेष दृश्य देखने को मिला। यहाँ 75 वर्षीय डॉ. मिलखी राम ने ज्योतिष विषय की अपनी डिग्री परीक्षा में भाग लिया। पूरी एकाग्रता और उत्साह के साथ परीक्षा देते हुए उन्होंने यह संदेश दिया कि ज्ञान प्राप्त करने की कोई अंतिम सीमा नहीं होती।



**32 डिग्रियों का अद्भुत सफर**

डॉ. मिलखी राम की शैक्षणिक उपलब्धियां किसी मिसाल से कम नहीं हैं। वे अब तक अलग-अलग विषयों में 32 डिग्रियां हासिल कर चुके हैं। उनकी यह यात्रा बताती है कि यदि मन में दृढ़ संकल्प हो, तो जीवन का हर पड़ाव नई उपलब्धि को प्राप्त करने का अवसर बन सकता है।

**युवाओं के लिए प्रेरणा**

स्थानीय लोगों और परीक्षार्थियों के बीच डॉ. मिलखी राम का यह जज्बा चर्चा का विषय बना हुआ है। महाविद्यालय के स्टाफ और अन्य छात्रों ने भी उनकी सराहना करते हुए कहा कि डॉ. राम का यह समर्पण समाज को शिक्षित और निरंतर सीखने के लिए प्रेरित करता है।




# विवेक शर्मा ने 14.21 लाख रूपये की लागत निर्मित पंचवटी पार्क का किया शुभारम्भ

## मंदिर परिसर में शैड निर्माण के लिए 2 लाख रूपये देने की घोषणा



जीत समाचार ऊना(ब्यूरों)। कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने बुधवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायसरी में श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर बाग वाला में मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में 14.21 लाख रुपये की लागत से निर्मित पंचवटी पार्क का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा मंदिर परिसर में डंगे के निर्माण पर फर्श डलवाने पर 3 लाख रुपये व्यय किए गए हैं।

विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मंदिरों के सौंदर्यकरण और रख-रखाव पर विशेष बल दे रही है ताकि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल और सिंचाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है।

विधायक ने मंदिर परिसर में शैड बनाने के लिए 2 लाख रुपये देने की घोषणा की।

इससे पूर्व मंदिर के पुजारी महंत महेंद्र सिंह मनकोटिया ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और मंदिर में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर कुटलैहड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विवेक मिंका, जिला परिषद सदस्य सुमित शर्मा, एडवोकेट विजय शर्मा, विनिश कुमार, पूर्व महासचिव अशोक कुमार, पूर्व महिला कांग्रेस प्रधान उर्मिला, खण्ड विकास अधिकारी राहुल धीमान, जेई प्रशांत कुमार, सचिव मनोज सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# करसोग में निदेशक, जनगणना संचालन निदेशालय की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जीत समाचार करसोग(ब्यूरों)।करसोग में भारत की जनगणना-2027 से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा हेतु निदेशक जनगणना संचालन निदेशालय, दीप शिखा शर्मा (आईएफएस) की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों ने भाग लिया। बैठक में उन्होंने जनगणना कार्य, मकान सूचीकरण और आवास गणना कार्य में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, और इसके आधार पर ही विकास योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण किया जाता है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी, प्रगणक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और पारदर्शिता से करना होगा।

निदेशक ने कहा कि जनगणना कार्य के दौरान हर परिवार तक पहुंच सुनिश्चित की जाए और पूरी तरह से सही और पूर्ण जानकारी देने वाले विश्वसनीय आंकड़ों का संकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना अति आवश्यक है तभी सटीक आंकड़ें प्राप्त किए जा सकते है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित सभी आंकड़ों एवं सूचनाओं की गोपनीयता (डेटा प्राइवेसी) हर स्तर पर सुनिश्चित की जाए। जनगणना अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का दायित्व है कि वे आंकड़ों की गोपनीयता बनाए रखें। इस अवसर पर प्रगणकों द्वारा जनगणना कार्य के क्रियान्वयन में आ रही विभिन्न समस्याएं और प्रश्न भी निदेशक के समक्ष रखे, जिनका उनके द्वारा, प्रभावी समाधान किया गया। उन्होंने जनगणना प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली, सूचनाओं के सही संकलन तथा निर्धारित प्रपत्रों को भरने से संबंधित जानकारी भी प्रदान की। बैठक में संयुक्त निदेशक जनगणना आशीष चौहान, सब डिविजनल चार्ज ऑफिसर एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन, चार्ज ऑफिसर एवं तहसीलदार करसोग पृथी चंद, नायब तहसीलदार राहुल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, प्रगणक और पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## हिमाचल प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजा विजेंद्र सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया गहरा शोक



जीत समाचार शिमला/नालागढ़। हिमाचल प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और नालागढ़ की गौरवशाली विरासत के प्रतीक रहे राजा विजेंद्र सिंह का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि राजा विजेंद्र सिंह का जाना सार्वजनिक जीवन में एक बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से एक ऐसी हस्ती का अवसान हुआ है, जो अपनी सादगी, संवेदनशीलता और जनविश्वास के लिए सदैव याद किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने राजा विजेंद्र सिंह को याद करते हुए कहा कि उनका सहज, विनम्र और सौम्य व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणादायक था। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। साथ ही, मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार और उनके शुभचिंतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इस कठिन समय में उन्हें धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

Orange Alert !
Wednesday, 01 July,2026
Time:- 06:00 PM

जरुरी सूचना !

भारत मौसम विज्ञान केन्द्र, शिमला द्वारा 02 और 03 जुलाई 2026 को मण्डी जिला के कई स्थानों भारी से बहुत भारी बर्षा की ओरेंज अलर्ट की चेतावनी दी गई है। इस चेतावनी को मध्यनजर रखते हुए नागरिकों, पर्यटकों से आग्रह किया जाता है कि उपरी/पहाड़ी भागों, नदी नालों व भूस्खलन वाले इलाको में जाने से परहेज रखें।

सतर्क रहें - सुरक्षित रहें !

किसी भी आपातकाल की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
ज़िला प्रशासन मंडी को इन नंबरों पर सूचित करे : 01905-226201, 226202, 226203, 226204
आपातकालीन हेल्पलाइन दूरभाष नंबर - 1077 (टोल फ्री)
85447-71889, 94594-55714
जारीकर्ता : उपायुक्त मंडी, ज़िला मंडी, हिमाचल प्रदेश द्वारा जनहित में जारी

## शिमला पुलिस की बड़ी कामयाबी: 50 लाख के गहने चुराने वाली पंजाब की 'लेडी गैंग' गिरफ्तार



जीत समाचार शिमला(ब्यूरों चीफ)। राजधानी शिमला में एक फिल्मी अंदाज में हुई बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए शिमला पुलिस ने पंजाब की एक महिला गैंग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महज तीन दिनों के भीतर ही इस सनसनीखेज वारदात को सुलझाकर चोरी हुए करीब **50** लाख रुपये के गहने शत-प्रतिशत बरामद कर लिए हैं।

**क्या था मामला?**

शिकायतकर्ता खुब सिंह ठाकुर, जो शिमला के निवासी हैं, ने **25** जून **2026** को थाना सदर में शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि लोअर बाजार में खरीदारी के दौरान कुछ अज्ञात महिलाओं ने उनके स्लिंग बैग से शातिराना ढंग से सोने-चांदी के गहने पार कर दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत भारतीय न्याय संहिता की धारा **303(2)** के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**पुलिस ने ऐसे बिछाया जाल**

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी महिलाएं पुलिस से बचने के लिए बेहद शातिर तरीके से नारकंडा, लुहरी, कींगल, कुल्लू, मंडी और बिलासपुर के रास्ते पंजाब फरार हो गई थीं। हालांकि, शिमला पुलिस की साइबर सेल और विशेष टीम ने हार नहीं मानी। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के गहन विश्लेषण के बाद पुलिस ने उनकी गाड़ी का पता लगा लिया।

**पंजाब से दबोचीं आरोपी**

**28** जून को शिमला पुलिस ने पंजाब में दबिश देकर दो महिलाओं-चन्द्रवती (**39**, निवासी पटियाला) और रेखा (**40**, निवासी राजपुरा) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब **40** तोला सोना और **250** ग्राम चांदी बरामद की है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में **45** से **50** लाख रुपये के बीच है।

एएसपी मेहर पंवर ने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर **2** जुलाई **2026** तक का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। फिलहाल, पुलिस इन महिलाओं के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालने में जुटी है ताकि पता लगाया जा सके कि वे इस तरह की कितनी वारदातों में शामिल रही हैं।

## भूस्खलन के कारण शिमला-मंडी एनएच-205 बंद, पुलिस ने जारी किए वैकल्पिक मार्ग




जीत समाचार बिलासपुर(ब्यूरों)। जिला सोलन के क्याड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-**205** पर हुए भारी भूस्खलन के चलते नम्होल (राजघाटी) मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। सड़क अवरुद्ध होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।

बिलासपुर पुलिस ने यात्रियों की सुविधा के लिए जन-सूचना जारी करते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग : बिलासपुर-हमीरपुर से शिमला जाने के लिएरू वाहन ब्रह्मपुखर-जुखाला-जबल पुल-रानीकोटला-खारसी-डायलामोड़ मार्ग का उपयोग करें। शिमला से मंडी-बिलासपुर की ओर आने-जाने के लिए: इसी रूट का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

पुलिस की अपील: प्रशासन ने वाहन चालकों से आग्रह किया है कि वे यातायात पुलिस द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करें। इस दौरान अनावश्यक ओवरटेकिंग न करें, अनुशासन बनाए रखें और सड़क पर आपातकालीन वाहनों (एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि) को प्राथमिकता दें।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भूस्खलन वाली जगह पर स्थिति सामान्य होने और सड़क बहाली का कार्य पूरा होने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। सुरक्षित यात्रा के लिए यात्रियों से धैर्य और सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## पालमपुर में जल्द दिखेगा 'मॉल रोड' का नजारा:

### सप्ताहांत पर शाम को बंद रहेगा बाजार का ट्रैफिक

जीत समाचार पालमपुर (रवि कुमार)। हिमाचल प्रदेश के पर्यटन नगरी पालमपुर के मुख्य बाजार के कायाकल्प की दिशा में प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। शहर के मुख्य बाजार को 'मॉल रोड' के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत, प्रत्येक शुक्रवार से रविवार, शाम **5** बजे से रात **8** बजे तक बाजार में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

पायलट आधार पर लागू होगी योजना: पालमपुर के एसडीएम डॉ. ओपी यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस योजना को 'पायलट प्रोजेक्ट' के तौर पर शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था अगले सप्ताह से प्रभावी होने की संभावना है। प्रशासन का मानना है कि यदि यह प्रयोग सफल रहा, तो भविष्य में इसे स्थायी रूप से लागू करने के साथ-साथ पूरे बाजार का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

पर्यटन और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा: एसडीएम डॉ. ओपी यादव ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पालमपुर में पर्यटन को बढ़ावा देना है। पैदल मार्ग बनने से पर्यटक अधिक आकर्षित होंगे और स्थानीय व्यापार में भी वृद्धि होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दौरान ट्रैफिक बंद होने से लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

जनसहयोग और अन्य महत्वपूर्ण निर्णय: प्रशासन ने इस योजना पर एक सप्ताह के भीतर स्थानीय लोगों और कारोबारियों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सूद, महासचिव गीतेश भृगु व अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। अधिकांश हितधारकों ने पालमपुर के विकास के हित में प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है।

बैठक में अन्य मुद्दों पर भी हुई चर्चा :अवैध पार्किंग- शहर में मुख्य बाजार के आसपास अवैध पार्किंग के खिलाफ प्रशासन सख्त रुख अपनाएगा। आवारा कुत्ते: शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए पशुपालन विभाग और नगर निगम को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।